हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, गुरुवार, 18 सितंबर, 2025

12 अधिकारी आबादी से बरसाती पानी निकालने को...



11 मांगों को लेकर गरजे रोडवेज कर्मचारी



## खबर संक्षेप

### लोहारू से 18 वर्षीय युवती लापता

**लोहारू।** शहर से एक 18 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। युवती की मां की शिकायत पर लोहारू पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज करके उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में युवती की मां ने बताया कि उसकी बेटी गत दिवस घर से बिना बताए चली गई। उसकी आस पड़ोस और रिश्तेदारियों में काफी तलाश की गई लेकिन वह नही मिली।

### महाविद्यालय में चलाया पौधारोपण अभियान

**तोशाम।** बुधवार को चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय परिसर में एक पौधारोपण अभियान चलाया। यह अभियान हरियाणा सरकार के उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा ( 17 सितंबर - 02 अक्तूबर 2025) के तहत किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम बडा उत्साहपूर्वक तरीके से आयोजित किया गया जिसमें कार्यवाहक प्राचार्य राजेंद्र सिंह, प्राध्यापक गण और छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### देवसर में एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता 21 को

**भिवानी।** गांव देवसर के रामशरण खेल स्टेडियम में 21 सितंबर रविवार को प्रातः 8 बजे जिला स्तरीय एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। भिवानी एथलेटिक्स एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट दिलबाग ने बताया कि प्रतियोगिता में 14, 16, 18 व 20 आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं।

## हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन ने लघु सचिवालय पर धरना दिया

# टेट की अनिवार्यता के खिलाफ मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**धरने के दौरान 9 साल से बंद तबादला नीति का पोर्टल शुरू करने की उठाई मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शिक्षकों के लिए टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट (टेट) की अनिवार्यता समाप्त करने के लिए हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन (अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ) जिला कार्यकारिणी भिवानी ने राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष जंगबीर कासनियां व जिला प्रधान राजेश कालुवास के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया। सितम्बर को ज्ञापन देने का निर्णय लिया । हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन संगठन सदस्यों ने लघु सचिवालय के सामने धरना देकर मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री को जिला उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। जंगबीर कासनिया व जिला प्रधान राजेश कालुवास ने संयुक्त रूप से बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने 1 सितम्बर के आदेश में कहा कि कक्षा प्रथम से आठ तक नौकरी में बने रहने के लिए दो वर्ष में अनिवार्य रूप से टेट करना होगा । एनसीटीई की गाइड लाइन के अनुसार वर्ष 2011 के बाद नियुक्त शिक्षकों को टेट अनिवार्य किया गया था । अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश में यह सभी शिक्षकों के लिए अनिवार्य कर दिया गया है।



भिवानी। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए टीचर। फोटो : हरिभूमि

### यह हैं प्रमुख मांगें

गौरतलब है कि हरियाणा में शिक्षक पात्रता परीक्षा पूर्ण करने के बाद ही सेवा में आते हैं इसलिए इस प्रकार की पात्रता परीक्षा का कोई औचित्य नहीं है । अन्य मांगों में बीएलओ आदि की गैर शैक्षणिक ड्यूटी से छुटकारा दिलाना, 9 साल से बंद तबादला नीति का पोर्टल चलाकर तबादले करने की मांग की गई ताकि स्कूलों में प्राथमिक शिक्षकों के पद भरे जाएं । धरना प्रदर्शन के कार्यक्रम में सैंकड़ो शिक्षकों ने भाग लिया जिनमें महासचिव सुनील रोहिल्ला, सुदेश शर्मा, रजनी भारद्वाज, राजकुमार वर्मा, पवन भारद्वाज, रविप्रकाश ,बिजेंद्र जांगड़ा, सुरेंद्र कैरू, मदनलाल यादव, राजेन्द्र सिंह, ज्योति , गीतूदेवी , शीलादेवी, हरमती , नीलम तथा जयप्रकाश , संजय कुमार , दुलीचन्द आदि शिक्षकों ने भाग लिया ।

## सरकार की अनदेखी से किसान आक्रोशित

# संयुक्त किसान मोर्चा के धरने को इनेलो ने दिया समर्थन



बाढडा.। कस्बे की अनाज मंडी में संचालित धरने को संबोधित करते इनेलो प्रदेश महासचिव विजय पंचगावां। फोटो : हरिभूमि

**धरने पर पहुंचे भूतपूर्व सैनिक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

बकाया मुआवजे व मौजूदा सीजन में बरसात से प्रभावित फसलों की सुध न लेने पर संयुक्त किसान मोर्चा ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार पर सवालिया निशान खड़ा किया। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ आज बुरे दौर में सारी भाजपा सरकार नदारद है और अन्नदाता बुरे दौर में आंसु बहा रहे हैं लेकिन समय आने पर इसका जवाब लिया जाएगा। आज के धरने पर इनेलो व भूतपूर्व सैनिकों ने पहुंच कर समर्थन देने का एलान किया। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर मास्टर रघबीर श्योराण काकड़ौली की अध्यक्षता में संचालित धरने पर आंदोलनकारी किसानों को संबोधित करते हुए। इनेलो प्रदेश महासचिव विजय पंचगावां ने कहा कि आज भी किसान आंदोलन करने पर मजबूर हैं किसान देश का अन्नदाता है सरकार को किसानों कि मांगों पर विचार करना चाहिए किसान पिछले 60 दिनों से धूप बरसात में धरने पर डटे हुए हैं धरने पर पूर्व प्राचार्य हवा सिंह, रामपाल, ओमप्रकाश खोरड़ा, महीपाल, किसान नेता ब्रह्मपाल बाढड़ा, भूप सिंह दलाल धारणी, सीटू नेता सुमेर सिंह धारणी, धन सिंह, नसीब कारीमोद, जयसिंह हंसावास, हवा सिंह, प्रताप सिंह,करतार गोपी, रमेश कुमार भांभू, राजेश कुमार, ओमप्रकाश, वेद सिंह नंबरदार, महीपाल, महावीर, ओमप्रकाश नंबरदार चरखी, सतबीर भांडवा, जोरा सिंह आदि मौजूद रहे।

### किसानों के नुकसान की भरपाई की मांग

श्योराण खाप पच्चीस अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह बेरला की अगुवाई में आंदोलनकारी किसानों ने बताया कि लगातार चली बरसात ने उनकी खरीफ सीजन की सभी फसलों को बर्बाद कर दिया है और उसका खामियाजा गरीब किसानों को भगुतना पड़ रहा है। सरकारीतंत्र किसानों के नुकसान की तरफ आंख बंद किए हुए है जो न्यायसंगत नहीं है। उपमंडल क्षेत्र में लगातार चल रही बरसात ने किसानों की खरीलफ सीजन की सभी फसलों को खराब करने से उच्च उत्पादन की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

## प्रदर्शनकारियों को सीमए में स्वयं बलाया

# प्रतिनिधि मंडल को मुख्यमंत्री ने मांगो जल्द हल किए जाने का दिया आश्वासन

**सीएम को बताया अपना दर्द**

**बाढड़ा।** प्रदेश भर के निर्माण मजदूर यूनियनों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से रोहतक में आयोजित कार्यक्रम में मुलाकात कर उनको अपनी जरुरी मांगों से अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने सभी श्रमिक नेताओं को सभी मांगो जल्द आश्वासन दी। रोहतक में सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन करने पहुंचे श्रमिक संगठनों को सीएम नायब सिंह सैनी ने स्वयं बातचीत के लिए बुलाया तथा उनका मांग पत्र लेकर अधिकारियों को हरसंभव कदम उठाने का आदेश दिया। भवन निर्माण कामगार यूनियन के राज्य महासचिव सुखबीर सिंह, जिला संयोजक सुमेर सिंह व खंड कोषाध्यक्ष रोशन लाल ने कहा कि उन्होंने सीएम को मांगपत्र देकर सारी स्थिति से अवगत करवाया तथा उनको अल्टीमेटम दिया है।

# फाइनेंसरों के दबाव में आत्महत्या के लिए मजबूर करने के नामजदों की गिरफ्तारी न होने पर आक्रोश

**पीड़ित परिवार ने कई आरोप लगाते हुए मांगा न्याय**

**बाढड़ा।** ग्रामीणों के प्रतिनिधि मंडल ने नारनौल पुलिस अधीक्षक व सतनाली थाना प्रभारी से मुलाकात कर चार दिन में आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर सतनाली में बड़ी महापंचायत आयोजित कर रोष जताने का फैसला लिया। गांव हंसावास कलां व बासड़ी के मौजिज ग्रामीणों के साथ मृतक के पुत्र अंकित कुमार ने नारनौल पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ट से मुलाकात कर बताया कि उनका परिवार कुछ समय से साथ लगते गांव बासड़ी में रहता है और उनके पिता खेतीबाड़ी कर अपने परिवार की आजीविका चलाते थे। उनके पिता बलजीत सिंह ने पांच साल पहले सतनाली के एक व्यक्ति से एक लाख रुपये ब्याज पर लिया था और फाईनेंसर को पांच लाख रुपये तक दे चुका था, लेकिन वह अब भी आठ लाख रुपये मांग रहा था आरोपी ने जबरदस्ती खाली कागज व चेक पर हस्ताक्षर करवा रखे थे और उसके पिता को लगातार प्रताड़ित कर रहा था जिसके बाद उसके पिता ने गांव के जोहड़ के पास फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



बाढड़ा। पुलिस अधिक्षक के बाद थाना प्रभारी से मुलाकात करते पीड़ित ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि








अनेक वजहों से आज के दौर में बहुत से लोग कब्ज की समस्या से ग्रस्त रहते हैं। इसके कारणों को जानकर आप कुछ उपायों पर अमल करके इस समस्या का समाधान कर सकते हैं। इनके बारे में जानिए।

# तब कब्ज नहीं करेगा परेशान

**ट्रीटमेंट**

**शिखर चंद जैन**



वर्तमान समय में कब्ज की समस्या लोगों में काफी बढ़ गई है। इसके कई कारण हैं। मुख्य रूप से हमारी आधुनिक जीवनशैली, बिगड़ा खान-पान और पर्यावरण में बदलाव इसके लिए जिम्मेदार हैं।

**अनहेल्दी डाइट:** फास्ट फूड और प्रोसेस्ड फूड की बढ़ती हुई आदत, फाइबर युक्त भोजन (जैसे फल, सब्जियां, साबुत अनाज) की कमी और और कम पोषक तत्वों वाले आहार का अधिक सेवन हमारी आंतों को नुकसान पहुंचाते हैं। पर्याप्त मात्रा में पानी न पीने से मल नरम नहीं रहता और पाचन प्रक्रिया प्रभावित होती है। साथ ही अत्यधिक चीनी, वसा और रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन का सेवन भी नुकसानदायक है।

**बदलती जीवनशैली:** शारीरिक गतिविधि की कमी जैसे लंबे समय तक बैठे रहना, व्यायाम न करना आदि से आंतों की गतिशीलता कम होती है। नींद पर्याप्त न लेना भी पाचन तंत्र को प्रभावित करता है। व्यस्तता या सुविधाओं की कमी के कारण शौच की इच्छा को बार-बार दबाना भी एक बड़ी वजह है।



**मानसिक स्वास्थ्य:** आधुनिक जीवन का तनाव, चिंता और अवसाद पाचन तंत्र पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। तनाव आंतों की गतिशीलता को कम कर सकता है। मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं आंत-मस्तिष्क संबंध को प्रभावित करती हैं।

**चिकित्सीय कारण:** कुछ दवाएं जैसे दर्द निवारक, एंटासिड, एंटी-डिप्रेसेंट और आयरन सप्लीमेंट्स कब्ज का कारण बन सकती हैं। मधुमेह, थायरॉइड और अन्य पुरानी बीमारियां भी पाचन तंत्र को प्रभावित करती हैं।

**आयु और हार्मोनल बदलाव:** उम्र बढ़ने के साथ आंतों की कार्यक्षमता कम हो सकती है। इसके अलावा गर्भावस्था, मासिक धर्म या रजोनिवृत्ति जैसे हार्मोनल बदलाव भी कब्ज को बढ़ा सकते हैं।

**समाधान के उपाय:** कब्ज से बचाव के कई उपाय हैं।

**चोकरयुक्त आटा:** डायबिटिक डाइटीशियन एवं न्यूट्रिशनिस्ट्स कहते हैं कि यदि 3 मुट्ठी आटे में एक मुट्ठी चोकर डालकर गूंधा जाए तो इस आटे से बनी चपाती अधिक संतुष्टि देती है। चोकरयुक्त आटे का इस्तेमाल किया जाए, तो रोटियां पौष्टिकता देने के साथ-साथ वजन भी कम करेंगी और पेट भी साफ रहेगा।

**ओट्स:** ओट्स में मौजूद घुलनशील डाइटरी फाइबर पाचन क्रिया को सुचारु रखता है, जिससे भोजन आसानी से पच जाता है। इससे कब्ज की शिकायत नहीं रहती। यदि नाश्ते में सुबह केवल ओट्स लेते हैं, तो साथ में सूखे फल और ताजा मौसमी फल जैसे सेब, नाशपाती, आम, स्ट्राबेरी, केला, ब्लूबेरी इत्यादि अवश्य लें। ऐसा करना पौष्टिकता देने के साथ पेट भी साफ रखेगा।

**कुदरती उपचार:** सुबह उठते ही सीधे लेट जाएं, फिर एक तौलिया ठंडे पानी में भिगोकर पेट पर रखें। उसके ऊपर गरम शॉल लपेट लें। 10 मिनट के बाद ठंडा तौलिया हटाकर उस के स्थान पर गरम पानी में भीगा निचोड़ा हुआ तौलिया पेट पर रख कर उस के ऊपर शॉल लपेट कर 10-15 मिनट लेटें। शुरू-शुरू में यह प्रक्रिया हो सके तो 2-3 बार करें। आप देखेंगे बहुत जल्द ही आप के बॉवेल सिंड्रोम और बॉवेल मूवमेंट में फर्क पड़ेगा। सर्द-गरम पेट पर पट्टी लगाने और हल्की-फुल्की कसरत से भी लाभ होगा।

### ये भी आजमाएं

- फाइबरयुक्त आहार (जैसे हरी सब्जियां, फल, ओट्स, चिया सीड्स) का सेवन बढ़ाने से लाभ होगा।
- रोजाना 2-3 लीटर पानी पिएं।
- नियमित किसी भी तरह का व्यायाम करें, जैसे योग या तेज चलना।
- तनाव प्रबंधन के लिए ध्यान, योग या गहरी सांस लेने की तकनीक अपनाएं।
- शौच की इच्छा को नजरअंदाज न करें और नियमित समय पर शौच जाएं।
- आवश्यक हो तो चिकित्सक से सलाह लें, विशेष रूप से यदि कब्ज पुराना हो। *

**(आयुर्वेद-यूनानी चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. राजन शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

**डॉक्टर्स एडवाइस**



**डॉ.(प्रोफेसर) विनय गोयल**
चेयरमैन-न्यूरोलॉजी
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

डब्ल्यूएचओ के अनुसार साढ़े पांच करोड़ से अधिक लोग दुनिया भर में डिमेंशिया (जिसका एक प्रमुख प्रकार अल्जाइमर डिजीज (संक्षेप में एडी. है) से पीड़ित हैं। डिमेंशिया के लगभग 60 फीसदी मामले अल्जाइमर से ही संबंधित होते हैं।

### क्या है अल्जाइमर

जर्मनी के प्रख्यात मनोचिकित्सक एलोइस अल्जाइमर ने अल्जाइर रोग की पहचान की थी। इसलिए उन्हीं के नाम पर इस मर्ज का नाम अल्जाइमर पड़ा, जिसे अंग्रेजी भाषा में 'अल्जाइमर्स डिजीज' या ए.डी. कहा जाता है। एलोइस अल्जाइमर ने कहा था कि जब युवावस्था की दोपहर के बाद जिंदगी की शाम होती है, तब यादें ही हमारा सहारा होती है। मन दुखद यादों को भूलना चाहता है और सुखद यादों में डूबना चाहता है। उम्र बढ़ने के साथ यादें हमारी साथी बन जाती हैं, लेकिन क्या होगा अगर याद्दाश्त खुद ही फीकी पड़ने लगे और खो जाए? अल्जाइमर रोग में यही होता है।

### समय रहते हो जाएं सचेत

डिमेंशिया (मनोभ्रंश) का एक प्रमुख प्रकार है- अल्जाइमर। डिमेंशिया मस्तिष्क संबंधी विकारों का एक समूह है, जिसमें व्यक्ति की याद्दाश्त, सोच, भाषा और उसका कौशल क्षीण होने लगता है और उसके व्यक्तित्व एवं व्यवहार में नकारात्मक बदलाव आने लगते हैं। डिमेंशिया के लगभग 60 फीसदी मामले अल्जाइमर से संबंधित होते हैं। गौरतलब है कि अल्जाइमर की समस्या रातों-रात नहीं होती। कई सालों के बाद यह रोग गंभीर रूप धारण करता है। समय रहते इस रोग का पता चलने पर पीड़ित व्यक्ति की जीवन प्रत्याशा (लाइफ एक्सपेक्टेंसी) 8-10 साल से अधिक हो सकती है, हालांकि इसके अपवाद भी संभव हैं।

### रोग के कारण

बढ़ती उम्र यानी वृद्धावस्था (आमतौर पर 60 साल से अधिक) में मस्तिष्क की कोशिकाओं (न्यूरॉन्स) के मृत होने और इनमें असामान्य रूप से प्रोटीन के संचित होने को अल्जाइमर का कारण माना जाता है, लेकिन इस रोग के कारणों पर अभी तक शोध-अध्ययन जारी हैं।

### ये हैं प्रमुख लक्षण

- चंद दिनों पहले घटी घटना भी भूल जाना।
- हाल में ही संपर्क में आए लोगों के नामों को भी भूल जाना।
- समय और स्थान के बारे में असमंजस होना।
- अत्यंत गंभीर स्थिति में मरीज अपने परिजनों तक को नहीं पहचानता या फिर उनका नाम भूल जाता है।
- बोलते समय सही शब्द का चयन और उच्चारण करने में दिक्कत।
- नित्य क्रिया और दैनिक कार्य करने में कठिनाई जैसे कमीज के बटन बंद करने में दिक्कत महसूस करना आदि।
- लोगों का चेहरा पहचानने में परेशानी।
- पीड़ित व्यक्ति के व्यक्तित्व में नकारात्मक परिवर्तन होना।
- अल्जाइमर रोगी अकसर समाज से अलग-थलग पड़ जाते हैं। इस कारण ये अवसाद से ग्रस्त हो सकते हैं। क्रोध और चिड़चिड़ापन इनके स्वभाव का अंग बन जाता है।
- आमतौर पर अल्जाइमर के लक्षण इस बीमारी की अवस्था (स्टेज) पर निर्भर करते हैं। जैसे बीमारी के शुरुआती दौर में व्यक्ति नाम या स्थान को कुछ सेकेंड या मिनट के लिए भूल सकता है, लेकिन बीमारी की तीसरी अवस्था या स्टेज में व्यक्ति अपने घर वालों का नाम भी भूल सकता है।

**स्पेशल: वर्ल्ड अल्जाइमर-डे, 21 सितंबर**

ओल्ड एज में न्यूरॉन्स के डैमेज होने और अन्य कुछ कारणों से व्यक्ति अल्जाइमर की गिरफ्त में आ सकता है। इससे उसकी मेमोरी पावर वीक होने लगती है और कई तरह की मेंटल प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। इससे पेशेंट को नॉर्मल लाइफ जीने में परेशानी होती है। लेकिन अगर शुरुआती लक्षणों के साथ ही कुछ बातों को लेकर सावधानी बरती जाए तो इसके प्रभाव को काफी कम किया जा सकता है। इस बारे में यहां डिटेल में बता रहे हैं।

# अल्जाइमर जब ओल्ड एज में मेमोरी पावर होने लगती है वीक



### एजिंग प्रोसेस नहीं है अल्जाइमर

उम्र बढ़ने (आमतौर पर 60 साल के बाद) के साथ मस्तिष्क और शरीर की कार्यक्षमता निरंतर कम होती जाती है, जिसे एजिंग प्रोसेस कहा जाता है। इस दौरान व्यक्ति की याददाश्त कम होने लगती है, लेकिन उसे बोलते समय सही शब्द का चयन करने और दैनिक कार्यों को अंजाम देने में दिक्कत महसूस नहीं होती, जबकि अल्जाइमर की समस्या में उपरोक्त लक्षण सामने आते हैं।

### डायग्नोसिस के तरीके

न्यूरोलॉजिस्ट द्वारा सबसे पहले मरीज का क्लीनिक में शारीरिक और मानसिक परीक्षण (जिसमें स्मृति परीक्षण भी शामिल है) किया जाता है। इसके अलावा मस्तिष्क में स्मृति से संबंधित कौन सा भाग कितना विकारग्रस्त है, यह जानने के लिए सीटी स्कैन या एमआरआई या पीईटी स्कैन नामक परीक्षण कराए जाते हैं। कुछ मामलों में ईईजी टेस्ट भी कराते हैं।

### इलाज के बारे में

अल्जाइमर्स का कोई स्थाई इलाज नहीं है। अतीत में 'अमेरिकन ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन' अल्जाइमर्स से संबंधित एक दवा को अनुमति प्रदान कर चुका है, जिसके क्लीनिकल ट्रायल जारी हैं। इस मर्ज में सिर्फ लक्षणों को कम करने के लिए कुछ विधियां और उपचार उपलब्ध हैं।

- अवसाद (डिप्रेशन) और मरीज की घबराहट को नियंत्रित करने के लिए दवाएं दी जाती हैं।
- उच्च रक्तचाप की समस्या होने पर इसे नियंत्रित करने वाली दवाएं देते हैं।
- शारीरिक और मानसिक गतिविधियां रोगी की प्रतिदिन की गतिविधियों में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। जैसे योगासन, प्राणायाम शारीरिक फिटनेस को बनाए रखने में सहायक हो सकते हैं।
- कुछ मानसिक अभ्यास जैसे सुडोकू, क्रॉसवर्ड, पहेली आदि मस्तिष्क को सक्रिय बनाए रखने में सहायक हैं।
- कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि नई भाषाएं सीखने से मस्तिष्क का अच्छा अभ्यास होता है और सीखने की इस प्रवृत्ति से अल्जाइमर्स की रोकथाम में मदद मिलती है।

### फैमिली सपोर्ट है इंपॉर्टेंट

अल्जाइमर न केवल रोगी को बल्कि उसके परिवार को भी प्रभावित करता है। इसलिए परिवार के सदस्य पीड़ित व्यक्ति के लिए वक्त निकालें,



उनसे बात करें और उनके साथ टहलें ताकि उनके तनाव को दूर करने में मदद मिले। डॉक्टर, दोस्त और पड़ोसी के रूप में हम मरीज की मदद कर सकते हैं।

### इन्हें है अल्जाइमर का अधिक रिस्क

- 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में अल्जाइमर का जोखिम सर्वाधिक होता है।
- जिन लोगों के परिवार के किसी सदस्य को अतीत में अल्जाइमर की समस्या रही है, उनमें इस रोग के होने का जोखिम ज्यादा होता है।
- किसी व्यक्ति के शरीर में कुछ जींस ऐसे होते हैं, जो अल्जाइमर रोग के खतरे को बढ़ा देते हैं।
- जिन लोगों के मस्तिष्क में किसी दुर्घटना से गंभीर आघात लगा है या किन्ही कारणों से गंभीर चोट लगी है और ऐसे लोग दुर्घटना के बाद देर तक बेहोश रहे हैं, उनमें कालांतर में अल्जाइमर होने का जोखिम बढ़ जाता है। *

**प्रस्तुति: विवेक शुक्ला**



### पोषक तत्वों का सेवन लाभकारी

**अल्जाइमर की** रोकथाम या इस मर्ज की प्रक्रिया को धीमा करने में संतुलित और पौष्टिक खान-पान का भी महत्व होता है। इसके अलावा जो लोग अल्जाइमर से ग्रस्त हो चुके हैं, उन्हें और उनके परिजनों को भी मरीज के संदर्भ में संतुलित और पौष्टिक खान-पान पर ध्यान देना चाहिए। पौष्टिक और संतुलित आहार मस्तिष्क और इसकी कोशिकाओं (न्यूरॉन्स) के क्रियाकलाप को सही तरीके से संचालित करने में मदद करता है। जैसे अखरोट के सेवन से याददाश्त को बरकरार रखने में मदद मिलती है। ऐसा इसलिए क्योंकि अखरोट में ओमेगा 3 फैटी एसिड पाया जाता है, जो मस्तिष्क के क्रियाकलापों को सुचारु रूप से संचालित करने में मदद करता है।
अखरोट के अलावा विटामिन बी 12 (जो मौसमी फलों, हरी सब्जियों और ड्राई फ्रूट्स में पाया जाता है), मछली, कीवी, अनार और विभिन्न रूपों में हल्दी का सेवन कमजोर होती याददाश्त को रोकने में सहायक हैं। हल्दी में करक्यूमिन नामक तत्व पाया जाता है, जो याददाश्त को सशक्त बनाने में सहायक है।

**सीजनल डिजीज**



**डॉ. मोहसिन वली**
सीनियर फिजीशियन
सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली

इन दिनों कई इलाकों में वायरल फीवर से बड़ी संख्या में लोग बीमार हो रहे हैं। एच3एन2 इंफ्लूएंजा-ए के नए वेरिएंट की वजह से होने वाले वायरल फीवर से पेशेंट लंबे समय तक ग्रस्त रह सकता है। इसके कारण, लक्षणों के साथ यहां विस्तार से बचाव के बारे में भी बता रहे हैं।

# वायरल फीवर कर रहा है लंबे समय तक बीमार



इन दिनों कई इलाकों में वायरल फीवर के मामले बहुतायत में देखने को मिल रहे हैं। इसकी बड़ी वजह बारिश का दूसरे साल से अपेक्षाकृत अधिक मात्रा में होना और जगह-जगह जल-जमाव होना मानी जा रही है। बरसात के बाद के मॉयश्चरयुक्त आबोहवा में वायरस, बैक्टीरिया और मच्छर तेजी से मल्टीप्लाई करते हैं और उनके नए वेरिएंट्स भी पैदा होते हैं, जिनकी वजह से कई तरह के बुखार और बीमारियों का सामना करना पड़ता है। इनमें से एक है- आजकल फैला वायरल फीवर। इस बार का वायरल फीवर एच3एन2 इंफ्लूएंजा-ए के नए वेरिएंट की वजह से फैल रहा है। इसकी पुष्टि मेडिकल साइंस मे बायोफार्मा टेस्ट से हुई है।

### वायरस के नए वेरिएंट के लक्षण हैं ज्यादा गंभीर

यूं तो वायरल फीवर हर साल बदलते मौसम में फैलता है, जिसमें मरीज आमतौर पर 3 से 5 दिन में ठीक हो जाते थे। लेकिन एच3एन2 इंफ्लूएंजा-ए के नए वेरिएंट से पीड़ित कई मरीजों का बुखार पैरासिटामॉल या क्रोसिन जैसी दवाइयों से काबू नहीं हो पा रहा है। बुखार जल्दी नहीं उतरता, उतरने के कुछ समय बाद दुबारा आ जाता है। बुखार उतरने में 10-12 दिन लग रहे हैं। कुछ मामलों में तो यह बुखार 3 सप्ताह तक बना रहता है। ऐसे मरीजों को अस्पताल में भर्ती होने की नौबत आ रही है। यही नहीं कई मरीज ऐसे भी हैं, जिन्हें ठीक होने के बाद भी लगातार खांसी, कमजोरी और भूख न लगने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए कुछ डॉक्टरों ने तो इस वायरल फीवर को क्रोसिन फेल फीवर का नाम दे दिया है।

### कैसे फैलता है यह वायरस

इंफ्लूएंजा एच3एन2 वायरस, संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने पर दूसरे व्यक्ति में फैलता है। संक्रमित मरीज जब छींकता या खांसता है, तो ड्रॉपलेट एक मीटर के दायरे तक फैल जाते हैं और आस-पास मौजूद व्यक्ति के सांस लेने पर ड्रॉपलेट उसके शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। या फिर संक्रमित व्यक्ति के खांसने-छींकने पर वायरसयुक्त ड्रॉपलेट किसी सतह या किसी चीज पर गिरते हैं, जिसे स्वस्थ व्यक्ति के छूने पर हाथ में ट्रांसफर हो जाते हैं और आंख-नाक-मुंह के जरिए उसके शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। ऐसे में परिवार में एक से दूसरा व्यक्ति इसकी चपेट में आ रहे हैं।

### क्या होते हैं लक्षण

संक्रमित व्यक्ति को तेज बुखार आता है। इसके साथ ही सिर दर्द, पूरे बदन का टूटना और दर्द होना, जबड़ों-गर्दन-कमर-जोड़ों में दर्द होना, उल्टी आना, खांसी-जुकाम होना, गले में खराश, बलगम, नाक बंद होना, सांस लेने में कठिनाई होना, भूख कम होना, पेट दर्द, डायरिया या लूज मोशन होना, बहुत ज्यादा थकान और कमजोरी महसूस होना जैसी समस्याएं हो रही हैं।

### किन्हें है ज्यादा रिस्क

कमजोर इम्यूनिटी वाले छोटे बच्चे, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं इस वायरस की चपेट में जल्दी आ सकते हैं। इम्यूनो कॉम्प्रोमाइज लोग यानी टीबी, अस्थमा या पहले फेफड़ों में इंफेक्शन, किडनी, कार्डिएक डिजीज जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों को विशेष सावधानी बरतनी जरूरी है।

### उपचार के तरीके



**डॉक्टर मरीज** को ऑब्जर्व करके, पूरा एगजामिनेशन करके और एच3एन2 का बायोफार्मा टेस्ट करवाते हैं। इसके साथ एहतियातन टाइफायड, डेंगू, मलेरिया का टेस्ट भी कर सकते हैं। बुखार के लिए पैरासिटामोल, विटामिन सी देते हैं। कुछ लोगों को एंटीबायोटिक दवाइयां भी देने की जरूरत पड़ती है ताकि आगे जाकर सेकेंड इंफेक्शन न हो। मरीज को पूरा आराम करने, बलगम ज्यादा होने पर स्टीम लेने, शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए पानी भरपूर मात्रा में पीने और लिक्विड डाइट लेने की सलाह दी जाती है।

### कब करें डॉक्टर से कंसल्ट

अगर बुखार 3 दिन से ज्यादा बना हुआ है और पैरासिटामोल लेने के बाद भी काबू में नहीं आ रहा तो यह साधारण वायरल फीवर नहीं है, तब देर न करें, तुरंत डॉक्टर से जांच करवानी चाहिए।

### कैसे करें बचाव

- अपनी इम्यूनिटी मजबूत करने पर पूरा ध्यान दें। स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं।
- घर का बना ताजा, गर्म, पौष्टिक और संतुलित खाना खाएं। इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए मौसमी और ताजी फल-सब्जियों का सेवन करें। अदरक, लहसुन जैसी चीजों को अपने आहार में जरूर शामिल करें। खट्टे फल, फ्रिज में रखा ठंडा जूस, कोल्ड ड्रिंक्स, आइसक्रीम से परहेज करें। खटाई, दही जैसे खाद्य पदार्थों का सेवन कम से कम करें।
- शरीर को हाइड्रेट रखें। ज्यादा से ज्यादा पानी और लिक्विड डाइट का सेवन करें। यथासंभव गुनगुना पानी पिएं।
- बरसात में भीगने की स्थिति में गर्म पानी से जरूर नहाएं। सिर और बाल अच्छी तरह धोकर सुखाएं। चाय-कॉफी-कहवा जैसे गर्म पेय लें। केसर वाला दूध या चाय पीने से आराम मिलता है।



- रेगुलर वर्कआउट, व्यायाम, शुद्ध-साफ हवा में सांस लें, योग करें।
- बदलते मौसम में फ्लू से बचने के लिए न्यूमोकोकल इंफ्लूएजा वैक्सीन हर साल जरूर लगवाएं। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों के लिए जरूरी है।
- फ्लू होने पर अपने आपको आइसोलेट करें ताकि दूसरे लोग संक्रमित न हो पाएं। जितना जल्दी हो सके, डॉक्टर से कंसल्ट करें। बिना डॉक्टर की सलाह के एंटीबायोटिक दवाइयां न लें। *

**प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**

**सजेशन**

**निकिता चौहान**

कुछ युवा पुरुष मस्कुलर बॉडी की चाहत में बिना डॉक्टर से कंसल्ट किए प्रोटीन की ओवरडोज लेने लगते हैं। इससे क्या नुकसान हो सकते हैं और इससे बचाव के लिए क्या करें, आपको जरूर जानना चाहिए।

# सही मात्रा में करें प्रोटीन का सेवन

एक हेल्दी शरीर के लिए हमें प्रोटीन, वसा, कार्बोहाइड्रेट और विटामिंस सभी पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। सभी न्यूट्रिएंट की एक निश्चित मात्रा में जरूरत होती है। प्रोटीन एक इंपॉर्टेंट न्यूट्रिएंट है, जो टिश्यू के निर्माण और रिपेयर, एंजाइम और हार्मोन को बनाने और शरीर के लिए कई तरह के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लेकिन कई पुरुष अपनी मस्कुलर बॉडी बनाने के लिए अपनी डाइट में प्रोटीन को बहुत ज्यादा मात्रा में लेने लगते हैं। किसी भी चीज का ज्यादा सेवन शरीर पर कई दुष्प्रभाव डाल सकता है। खासतौर पर पुरुषों की प्रजनन क्षमता पर इसका बहुत बुरा असर पड़ता है और लंबे समय तक ज्यादा प्रोटीन लेने से शुक्राणुओं (स्पर्म) की संख्या कम हो सकती है। इसलिए इस बारे में सावधान रहें।

**किडनी पर पड़ता है दबाव:** प्रोटीन से मांसपेशियां मजबूत होती हैं, इम्यूनिटी बढ़ती है और कसरत करने के बाद रिकवरी होती है। लेकिन जब यह बहुत ज्यादा लिया जाता है, खासकर पावडर या प्रोसेस्ड सोर्स के रूप में तो किडनी पर दबाव पड़ता है, हार्मोन बिगड़ सकते हैं और शुक्राणु बनने की प्रक्रिया भी प्रभावित हो सकती है।

**डाइजेस्टिव सिस्टम होता है खराब:** प्रोटीन का ज्यादा सेवन करने से पाचन सबंधी समस्याएं पैदा होती हैं। आप प्रोटीन को फाइबर के साथ लें, इससे आपका पाचन बेहतर होगा और साथ ही इससे स्पर्म काउंट बढ़ता है। फाइबर स्वस्थ पाचन के लिए आवश्यक होता है।

**हाईड्रेट रहें:** ज्यादा प्रोटीन का सेवन करने से डिहाइड्रेशन हो सकता है। इसके लिए जरूरी है कि खूब पानी पिएं। जितना हो सके तरल पदार्थ अपनी डाइट में शामिल करें।



**ऐसे करें प्रोटीन का सेवन:** अगर आप प्रोटीन के फायदों को बिना किसी दुष्प्रभाव के प्राप्त करना चाहते हैं तो आप ध्यान रखें कि अपने डाइट में प्रोटीन का सेवन कुछ इस तरीके से करें कि प्रोटीन और अन्य पोषक तत्व बैलेंस्ड रहें। भरपूर मात्रा में फल और सब्जियों का सेवन करें। इनमें विटामिन, खनिज और फाइबर प्रचुर मात्रा में होते हैं, जो हेल्थ के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। आप सप्लीमेंट्स के बजाय फलों, सब्जियों, अनाज, अंडे, मछली, दालें और मेवों से प्रोटीन ले सकते हैं। जितना हो सके उतना फिजिकल वर्कआउट करें। अगर आप रेडीमेड प्रोटीन पावडर का इस्तेमाल करते हैं तो ध्यान रखें उसमें बहुत ज्यादा शुगर होता है, जिस कारण आपके स्पर्म काउंट कम हो सकते हैं और प्रजनन क्षमता भी घटती है। इसलिए बगैर डॉक्टर से पूछे प्रोटीन सप्लीमेंट का सेवन ना करें। नेचुरल तरीकों से ही प्रोटीन का सेवन करें। अपने लिए प्रोटीन की सही मात्रा जानने के लिए एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें। *

**(गुरुग्राम स्थित नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी की फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉ. रश्मि अग्रवाल से बातचीत पर आधारित)**

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप



भिवानी। समारोह में लोगों की समस्याएं सुनते विधायक सुनील सांगवान।

### पीएम मोदी के जन्मदिन पर काटा केक

**चरखी दादरी।** विधायक सुनील सांगवान ने कस्बा बौंद कलां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पीएम नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। पीएम नरेंद्र मोदी के कुशल कार्यकाल के दौरान देश का विकास आगे बढ़ा है।



भिवानी। कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते हुए।

### कुलपति ने रोजगार के अवसरों पर प्रकाश डाला

**भिवानी।** आदर्श महिला महाविद्यालय में चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.दीप्ति धर्माणी का आगमन हुआ। उन्होंने दो सत्रों के माध्यम से छात्राओं एवं प्राध्यापिकाओं के साथ सार्थक संवाद किया। प्रथम सत्र में छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रो. धर्माणी ने कौशल-आधारित शिक्षा, विवेक प्रबंधन, धर्म संस्कृति, दिनचर्या के नियम एवं रोजगार के अवसरों पर प्रकाश डाला।



भिवानी। अवैध कॉलोनी में निर्माण ढहाती जेसीबी।

### अवैध निर्माण गिराने का चलाया अभियान

**भिवानी।** नगर योजनाकार विभाग द्वारा बुधवार को भिवानी-दादरी रोड़ पर अवैध निर्माण के खिलाफ तोडफ़ोड़ का अभियान चलाया गया। इस दौरान नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे अवैध कॉलोनियों मे प्लाटों की खरीद-फरोस्त कर मकान निर्माण ना करें। नगर योजनाकार विभाग द्वारा दी गई जानकारी अनुसार विभाग ने जिला भिवानी के नियंत्रित क्षेत्र व शहरी क्षेत्र, मौजा भिवानी-दादरी रोड़ पर फैली दो अवैद्य कॉलोनी (6.5 एकड़) में लगभग दो डीपीसी, चार चार दीवारी, एक निर्माण, कच्चे रोड नेटवर्क व डिमार्केशन को तोड़ा गया।

### छात्रा दिव्या गोल्ड मेडलिस्ट को किया सम्मानित

**भिवानी।** गांव चांग स्थित सूर्या प्रताप डिजिटल लाइब्रेरी में चांग स्कूल की छात्रा दिव्या ने नेशनल लेवल पर बॉक्सिंग के 46 से 48 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरूआत में जगन्नाथ जांगड़ा ने दिव्या के दादा धर्मवीर को पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान किया। इसी दौरान समाजसेवी सूर्याप्रताप की बुआ स्नेहलता द्वारा छात्रा दिव्या को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।



भिवानी। स्वच्छता अभियान के दौरान साफ सफाई करते मुख्य वक्ता मंडल प्रभारी रमेश लालावास बीडीसी व अन्य।

### पीएम मोदी पूरी दुनिया के सशक्त नेताः रमेश

**भिवानी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा ईशरवाल मंडल के गांव ढाणी मीरान में सफाई अभियान चलाया। इसके बाद गांव बुशान की गोशाला में गोमाता को गुड़ खिलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कुलदीप महला ने की। मुख्य वक्ता मंडल प्रभारी रमेश लालावास बीडीसी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश का ही बल्कि पूरे संसार के सशक्त नेता है।

## नोटिस जारी को लेकर महाप्रबंधक से मुलाकात

# मांगों को लेकर गरजे हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन कर्मचारी

- 10000 सरकारी नई बसें शामिल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन सम्बंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व कर्मचारी महासंघ ने डिपो में गेट मीटिंग की गई। मीटिंग कि अध्यक्षता डिपो प्रधान नरेश खोखर व समुंदर सिंह कुमार ने संयुक्त रुप से कि संचालक डिपो सचिव संजय सांगवान ने किया बैठक में राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद राज्य महासचिव सुमेर सिवाच ने बताया कि यूनियन दो-तीन दिन से लगातार इस केस के संबंध में प्रयास कर रही थी, परंतु आज मौके पर दिल्ली डिपो में पहुंचकर महाप्रबंधक से मिलकर दोनों कर्मचारियों का केस फाइल करवाया गया और डिपो में गेट मीटिंग कर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए राज्य कार्यालय सचिव सतबीर मुंडाल डिपो प्रधान नरेश सिवाच ने बताया कि परिवहन कर्मचारी और मज़दूरों के हालात पर चर्चा करते हुए दिल्ली डिपो के चालक परिचालक को ज्यादा सवारी बिठाने पर जो कारण बताओं नोटिस किया गया था। उसके बारे में महाप्रबंधक से बातचीत केस फाइल करवाया गया।

राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद व महासचिव सुमेर सिवाच ने गेट मीटिंग में कहा सरकार मांग कि प्राइवेट इलेक्ट्रिक बसें ठेके पर चलाने के निर्णय रद्द करने सहित सभी प्रकार की प्राइवेट बसों को बंद कर रोडवेज के बेड़े में 10000 सरकारी नई बसें शामिल करें और सरकार खुद इलेक्ट्रिक बस खरीद करें रोडवेज के बेड़े में बसें शामिल करें। सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए कर्मशाला कर्मचारियों के कम किए गए राजपत्रित अवकाश पहले की तरह लागू किए जाएं। कर्मचारियों के मांग मुद्दों पर जल्द से जल्द यूनियन को बुलाकर बातचीत के माध्यम से निपटारा करें। अगर उपरोक्त बातों पर सरकार ध्यान नहीं देती है तो रोडवेज कर्मचारी आंदोलन को तेज करने पर मजबूर होंगे।, गेट मीटिंग में हरियाणा रोडवेज वर्कस युनियन डिपो प्रधान नरेश कुमार महासंघ के डिपो प्रधान समुंदर सिंह और रजनीश कुमार हरवीर फौजी सतीश कुमार और रोहतास ने भाग लिया।



भिवानी। गेट मीटिंग के दौरान कर्मचारियों को संबोधित करते हुए।

### मांगों को लेकर सीएम से मिला प्रतिनिधि मंडल

**भिवानी।** मुख्यमंत्री से रोहतक में मिला निर्माण मजदूर यूनियनों का प्रतिनिधिमंडल, मुख्यमंत्री ने मांगो जल्द हल किए जाने का दिया आश्वासन। उपरोक्त जानकारी देते हुए भवन निर्माण कामगार यूनियन के राज्य प्रधान मनोज सोनी, महासचिव सुखबीर सिंह व जिला सचिव अनिल कुमार ने कहा कि अगर सरकार समय पर समाधान नहीं करती है तो निर्माण मजदूर बड़े आंदोलन को मजबूर होंगे, उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश में आज श्रमिकों की हालत बेहद गंभीर और चिंताजनक है। बाढ़ प्रभावित मजदूरों के घरों में पानी घुस गया है, मकान गिरने की कगार पर हैं टॉयलेट कुई खत्म हो चुकी हैं जलने का ईंधन नष्ट हो चुका है। और हजारों परिवार भुखमरी का सामना करने को मजबूर हैं। इन परिस्थितियों में राहत व पुनर्वास की व्यवस्था करने के बजाय सरकार ने श्रम कल्याण पोर्टल तक बंद कर दिया है, जिससे मजदूर अपने वैधानिक हक से वंचित कर दिए गए हैं। सरकार एक ओर श्रमिक दिवस पर बड़े-बड़े मंच सजाकर मजदूरों के नाम पर ढोंग करती है, वहीं दूसरी ओर मजदूरों का खुला शोषण जारी है। कच्चे कर्मचारी ,फैक्ट्री-कारखानों , दुकानों, हॉस्पिटल,अन्य प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले मजदूरों की 10 वर्ष से न्यूनतम रिवाइज नहीं किया गया है उन्हें मात्र 7,000 से 8,000 मासिक में काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। आज की महंगाई के अनुपात में अगर रिवाइज किया जाए।



भिवानी। पीएम मोदी के जन्मदिन पर केक काटते जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य।

### भाजपाइयों ने केक काटकर मनाया पीएम मोदी का जन्मदिन

**भिवानी।** प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में बुधवार को जिला बार एसोसिएशन भिवानी एवं भाजपा लीगल सैल ने संयुक्त रूप से कोर्ट परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में केक काटकर प्रधानमंत्री मोदी के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया और उनके नेतृत्व में देश की प्रगति को आगे बढ़ाने की प्रेरणा ली। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान अधिवक्ता संदीप तंवर एवं भाजपा लीगल सैल के जिला अध्यक्ष अधिवक्ता दिनेश वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का व्यक्तित्व राष्ट्रहित और समाज सेवा का आदर्श प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि मोदी की सोच और कार्यशैली ने देश को वैश्विक मंच पर विशेष पहचान दिलाई है। इस विशेष दिन पर सभी साथियों ने मिलकर प्रधानमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की।

> प्रधानमंत्री मोदी का व्यक्तित्व राष्ट्रहित और समाजसेवा का आदर्श

## न्यूज डायरी

### अधिकारियों ने शिक्षकों, विद्यालय मुखियाओं, एबीआरसी और बीआरपी को किया सम्मानित



बवानीखेड़ा। टीवी डिवाइस एवं संपर्क स्मार्ट शाला एप में उच्च स्पार्कल स्कोर प्राप्त करने वाले अध्यापकों एवं विद्यालयों को सम्मानित करते हुए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज, सुनील कुमार, मनीष कुमार व अन्य।

**बवानीखेड़ा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत संपर्क टीवी डिवाइस एवं संपर्क स्मार्ट शाला एप में उच्च स्पार्कल स्कोर प्राप्त करने वाले अध्यापकों एवं विद्यालयों को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन एबीआरसी भारत यादव, प्रवीण कुमार ने किया। कार्यक्रम में जिले के 61 अध्यापकों, 21 विद्यालयों मुखिया एवं 29 एबीआरसी, बीआरपी अन्य सहित लगभग 111 स्टाफ को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज, सहित जिला एफएलएन कोर्डिनेटर सुनील कुमार, मनीष कुमार ने पहुंचकर सभी को सम्मानित किया।

### प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर काटा केक



भिवानी। प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर केक काटकर उनके चित्र को खिलाते भाजपाई।

**भिवानी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के खास मौके पर भाजपाइयों ने केक काटकर उन्हें शुभकामनाएं दी और प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा को नई ऊचाइयों तक पहुचाने का काम किया। ये बात भाजपा नेता रीतिक वधवा ने कही। उन्होंने कहा कि वे दुनिया के पहले ऐसे नेता हैं जिन्हें 24 से अधिक देशों के सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्राप्त हुए हैं। इन सम्मानों के माध्यम से विभिन्न देशों ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व, कूटनीतिक कौशल और वैश्विक शांति के प्रति उनके योगदान को मान्यता दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की उपलब्धि भारत के लिए प्रेरणास्रोत है, इससे स्पष्ट होता है कि जब नेतृत्व दूरदर्शी, समर्पित और वैश्विक सोच वाला हो, तो देश की छवि और सम्मान विश्व मंच पर किस प्रकार बढ़ सकता है। इस अवसर पर किसान मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक तिगड़ी, एडवोकेट संदीप यादव, भूपेंद्र तिगड़ी, धर्मेंद्र अरोड़ा व अजीत तिगड़ी आदि कार्यकर्ताओं ने केक काटकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

### डीसी ने मंदौली में वीर नारी को किया सम्मानित



भिवानी। शहीद की पत्नी कविता को सम्मानित करते उपायुक्त डॉ. मुनीष नागपाल।

**चरखी दादरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में हरियाणा सरकार द्वारा मनाए जाने वाले सेवा संकल्प दिवस पर जिला सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण विभाग द्वारा मन्दौली गांव के राजकीय विद्यालय में शहीदों के सम्मान के लिए वीर नारी सम्मान समारोह का आयोजन किया। सम्मान समारोह में उपायुक्त डॉ. मुनीष नागपाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि देश की सेवा में फौजियों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। अमर शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों और देश की रक्षा करने वाले सैनिकों की बदोलत के चलते ही आज हम सुरक्षित हैं। इस दौरान उपायुक्त डॉ मुनीष नागपाल ने शहीद सत्यवान की धर्मपत्नी वीर नारी कविता को शॉल उठाकर के सम्मानित किया और शहीद सत्यवान के नाम पर स्कूल प्रांगण में पौधारोपण भी किया और सफाई अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पूरी तरह से आपके साथ है। इस दौरान जिला सैनिक एवं अर्ध सैनिक अधिकारी विंग कमांडर सुनील कुमार सहित ग्रामीण एवं स्कूली बच्चे व अध्यापक उपस्थित रहे।

### पंपों पर सीसीटीवी सुरक्षित जगह लगवाएं : एसपी



भिवानी। बैठक में पंप संचालकों से सुरक्षा संबंधित जानकारी लेते उपायुक्त।

**चरखी दादरी।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने पैट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक की। बैठक में पैट्रोल पंपों पर आपराधिक वारदातों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा खामियों को दूर करने के निर्देश दिए। पैट्रोल पंपों पर अपराधों पर रोक लगाने, पुलिस सुरक्षा बढ़ाने सहित अनेक सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा की। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पंप संचालकों को भी सीसीटीवी और व्यापक सुरक्षा उपकरणों के लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि पैट्रोल पंप संचालकों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा। ग्रुप के माध्यम से समन्वय स्थापित किया जाएगा। जिसमें जो भी शिकायत और सुझाव सांझा करेंगे उनका तत्परता से समाधान किया जाएगा। पीसीआर, राइडर के रुट निर्धारित करके पेट्रोल पंपों को कवर किया जाएगा। रात के समय जब भी कोई तेल डलवाने आए तो उससे पहले रूपये लें। उन्होने कहा कि पंप संचालकों को सीसीटीवी कैमरों को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। मोटी रकम आवागमन के दौरान पुलिस सहायता प्रदान की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने हिदायते कि पंप पर कार्य करने वाले सभी कर्मचारियों की पुलिस वेरिफिकेशन करवाएं।

### सरकार महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य पर दे रही ध्यान

**भिवानी।** भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने कहा कि समृद्ध समाज के लिए नागरिक का स्वस्थ होना जरूरी है। केंद्र सरकार आमजन के साथ-साथ विशेषकर महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर कारगर कदम उठा रही है। नवजात बच्चे के सही स्वास्थ्य के लिए जरूरी है कि बच्चे की मां का स्वास्थ्य सही हो। स्वस्थ मां ही स्वस्थ बच्चे को जन्म दे सकती है। सांसद चौ. सिंह बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर शुरू किए सेवा पखवाड़े के तहत स्थानीय पंडित नेकीराम शर्मा मेडिकल कॉलेज परिसर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित स्वस्थ नारी-सशक्त समाज कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर संदेश रहे थे। उन्होंने कहा कि इंसान दिन-प्रतिदिन नई-नई बीमारियों की जकड़ में आ रहा है, इसका मुख्य कारण खानपान जहरीला होना है। दुधारू पशुओं को खिलाया जाने वाला हरा चारा भी जहरीला होता है, इससे दूध भी शुद्ध नहीं है। इसका सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि सही स्वास्थ्य के लिए हमें अपने खान-पान के साथ-साथ दिनचर्या को सही बनाना होगा। स्वस्थ रहने के लिए सही चिकित्सा पद्धति के साथ-साथ योगासन को अपनाया जा सकता है जिस पर सरकार भी मुख्य रूप से जोर दे रही है। मेडिकल कैंप के दौरान सांसद ने करवाई स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम के दौरान सांसद ने स्वास्थ्य चेकअप करवाने पहुंची महिलाओं से बात की और पंजीकरण कार्ड वितरित किए।

### रक्तदान का कोई मूल्य नहीं आंका जाता : सतबीर

भिवानी। रक्तदान से किसी को नवजीवन देकर जो आत्मिक आनन्द मिलता है उसका न तो कोई मूल्य आँका जा सकता है न ही उसे शब्दों में व्यक्त किया जा सकता है। ये बात समाजसेवी मास्टर सतबीर रतेरा ने आज मेरा युवा भारत केन्द्र भिवानी के तत्वावधान एवं तेरापंथ युवक परिषद के संयोजन में प्रेक्षा विहार में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदानियों का हौसला बढ़ाते हुए कही। इस मौके पर उनके साथ समाजसेवी अनिल गुप्ता भी विशेष तौर पर उपस्थित रहें। मास्टर सतबीर रतेरा ने कहा कि यह देखकर खुशी होती है कि हमारी युवा पीढ़ी रक्तदान के प्रति इतनी समर्पित है। रक्तदान एक ऐसा पुण्य कार्य है, जिससे न केवल किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है बल्कि रक्तदाता को भी आत्मिक संतोष और मानसिक शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि शिविर में दर्जनों लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर यह संदेश दिया कि एक बूंद खून किसी की जिंदगी बचा सकती है।

### लोहारू नगरपालिका उप प्रधान पद के चुनाव 25 सितंबर को

**लोहारू।** एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने लोहारू नगरपालिका के उप प्रधान पद के चुनाव के लिए सूचना जारी कर दी है। जिसके तहत लोहारू में आगामी 25 सितंबर को उपप्रधान पद के चुनाव कराए जाएंगे।

जानकारी के अनुसार इस बार प्रधान पद का चुनाव प्रत्यक्ष तौर से होने के साथ साथ उप प्रधान पद के चुनाव में पार्षदों के अलावा नपा प्रधान को भी एक वोट डालने का अधिकार होगा। बहरहाल चुनाव की तिथि घोषित होने के साथ ही उप प्रधान पद के लिए ताल ठोकने वाले उम्मीदवारों ने पार्षदों के घर घर जाकर संपर्क साधना शुरू कर दिया है। बता दें कि मार्च 2025 में लोहारू नगरपालिका के प्रधान और 14 वार्डों के पार्षद पद के चुनावों के परिणाम घोषित हुए थे।

# शिक्षा ही एक ऐसा रास्ता है जो गरीबी की दलदल से बाहर निकालता : कांता

- महाराजा अग्रसेन जयंती के तहत श्रीअग्रवाल महिला मंडल ट्रस्ट रजि. ने स्लम बस्ती में किए खाद्य पदार्थ वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में श्रीअग्रवाल महिला मंडल ट्रस्ट रजि. द्वारा आयोजित 8 दिवसीय सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में स्थानीय नया बस स्टैंड के पास स्थित स्लम बस्ती में खाद्य सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को खाद्य सामग्री देने के साथ-साथ शिक्षा के प्रति जागरूक करना था। मंडल की प्रधान कांता बंसल के नेतृत्व में सदस्यों ने बच्चों के बीच खाने के पैकेट बांटे। इस दौरान उन्होंने बच्चों से बातचीत की और उन्हें बताया कि शिक्षा कितनी महत्वपूर्ण है। इस मौके पर चेयरपर्सन सीमा बंसल व प्रधान कांता बंसल ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा रास्ता है जो आपको गरीबी से बाहर निकाल सकता है। अगर आप पढ़ेंगे-लिखेंगे तो एक बेहतर भविष्य बना पाएंगे। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल जाने और मन लगाकर पढने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान महिला मंडल की सदस्याओं ने बच्चों और वहां मौजूद लोगों को महाराजा अग्रसेन के आदर्शों और उनकी शिक्षाओं से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि कैसे महाराजा अग्रसेन ने एक ईंट, एक रुपया के सिद्धांत पर आधारित समाज की कल्पना की थी, जिसमें सभी एक दूसरे की मदद करते थे। यह सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है और हमें मिलकर समाज के कमजोर वर्ग की मदद करने की प्रेरणा देता है। इस सिद्धांत के अपनाने से समाज में कोई छोटा व कोई बड़ा नहीं होता। सभी समान होते है। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन जयंती सिर्फ एक उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमें उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारने का अवसर देता है। महाराजा अग्रसेन के जीवन से शिक्षा लेकर चलने वाले व्यक्ति को जीवन में कभी भी असफलता का मुख नहीं देखना पड़ता।



भिवानी। स्लम बस्ती में बच्चों में फल वितरित करती हुई। फोटो : हरिभूमि

#### ये थे उपस्थित

इस अवसर पर सीमा बंसल, स्नेहा बंसल, सुमन बंसल, उर्मिला बंसल, किरण बंसल, रिंकी गुप्ता, अल्का शंघाई, श्वेता गर्ग, मनीषा गोयल, कांता बंसल सहित अन्य महिलाएं मौजूद रही।

### कांग्रेस ने चलाया स्टॉप वोट चोरी हस्ताक्षर अभियान



भिवानी। हुडा पार्क के सामने स्टॉप वोट चोरी हस्ताक्षर अभियान चलाते कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया। फोटो : हरिभूमि

**भिवानी।** कांग्रेस पार्टी ने हुडा पार्क में एक विशेष हस्ताक्षर अभियान चलाया, जिसका उद्देश्य जनता तक वोट चोरी रोके अभियान को प्रभावी ढंग से पहुंचाना था। यह अभियान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार चलाया, ताकि भारतीय लोकतंत्र को सुरक्षित रखा जा सके और भाजपा सरकार की आलोचना की जा सके। अभियान का नेतृत्व भिवानी शहरी कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी ने किया। गुलिया ने बताया कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चलाया जा रहा स्टॉप वोट चोरी अभियान पूरी तरह से लोकतंत्र की मजबूती और आमजन के अधिकार की सुरक्षा के लिए समर्पित है, जिसके तहत कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में भी इसी अभियान को जोर-शोर से चलाया जा रहा है। हस्ताक्षर अभियान 15 अक्तूबर तक चलेगा, जिसके माध्यम से आमजन को चुनाव आयोग की सच्चाई तथा भाजपा के वोट चोरी मामले से अवगत करवाया जाएगा। जोगी ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार में चुनाव प्रक्रिया में अनियमितताओं और वोटों की चोरी की खबरें लगातार सामने आ रही हैं।

### चौधरी बंसीलाल कॉलेज में चलाया स्वच्छता पखवाड़ा

**लोहारू।** चौधरी बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार की अध्यक्षता में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया, जिसके तहत छात्र छात्राओं को जीवन में स्वच्छता का महत्व बताया और उन्हें सफाई आदि के लिए प्रति प्रेरित किया। डॉ. अंजू ने विद्यार्थियों को ओज़ोन परत के महत्व और उसे बचाने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. मुकेश ने छात्र छात्राओं को पर्यावरण का महत्व बताया और कहा कि प्रत्येक युवा को जीवन के खास मौकों पर पौधरोपण कर उस पौधे के पालन पोषण का जिम्मा लेना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. सुखबीर, अनिरुद्ध, डॉ. उमेद, डॉ. रमेश, डॉ. सुषमा आदि रहे।

### ह्यूमैनिटी ओलंपियाड पर भाषण प्रतियोगिता



भिवानी। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले को सम्मानित करते हुए।

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार में ध्यान कक्ष सतयुग दर्शन ट्रस्ट के तत्वावधान में ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय ह्यूमैनिटी ओलंपियाड एवं आध्यात्मिकता पर आधारित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन 7 जुलाई 2025 को किया गया। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में सत्य, दया, ईमानदारी व संतोष जैसे मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देना रहा। इसमें देश भर के हजारों विद्यार्थियों के साथ विद्यालय के लगभग 400 छात्रों ने ओलंपियाड में भाग लिया तथा 6 छात्रों ने भाषण प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा पाँचवीं के छात्र धार्विक ने विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं की छात्रा रिद्धि रोहिल्ला ने विद्यालय स्तर पर प्रथम तथा राज्य स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं कक्षा नवम की छात्रा आकांक्षा श्योराण ने ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता को क्वालीफाई करते हुए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभागिता सुनिश्चित की। विशेष हर्ष का विषय यह रहा कि 7 सितंबर को फरीदाबाद में आयोजित भव्य समारोह में रिद्धि रोहिल्ला को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह व 2100 की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। छात्रा आकांक्षा श्योराण को भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभागिता करने के लिए सहभागिता प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

## अभियान

### पशुपालन विभाग के उपमंडलाधिकारी ने श्रीट्रस्ट गोशाला का दौरा कर जांची व्यवस्था

# गोवंश को बचाने के लिए पशुपालन विभाग ने कसी कमर

- बीमार गोवंश के उपचार के लिए सात टीमें गठित, दो-दो शिफ्टों में टीमें करेंगी उपचार : डॉ. जाखड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

21 सितंबर को श्राद्ध अमावस्या के दिन गौवंश को बचाने के लिए पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में उपमंडलाधिकारी डॉ. राजेश जाखड़ ने बुधवार को श्रीट्रस्ट गौशाला का दौरा किया व बीमार पशुओं को रखे जाने वाले स्थान का जायजा लिया। डॉ. जाखड़ ने बताया कि पशुपालन विभाग की टीम बीमार गौवंश का उपचार करेगी। विभाग ने पशु चिकित्सकों के नेतृत्व में उपचार के लिए टीमों का गठन किया है। 21 से 23 सितंबर तक 16 पशु चिकित्सक, 32 वीएलडीए व 48 पशु परिचर दिन-रात बीमार गौवंश का उपचार करेंगे। उन्होंने बताया कि 21 सितंबर को डॉ. सोनू व डॉ. मनीष की टीम चार वीएलडीए व 6 पशु परिचर के साथ सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक पशुओं के उपचार के लिए गौशाला में तैयार रहेगी। वहीं दूसरी टीम डॉ. विजय सनसनवाल व डॉ. जितेंद्र के नेतृत्व में 4 वीएलडीए व 6 पशु परिचर के साथ शाम 4 बजे से रात 12 बजे तक उपचार करेगी।



भिवानी। श्रीट्रस्ट गोशाला का निरीक्षण करते पशुपालन विभाग के उपमंडलाधिकारी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### गठित टीमों को दिए जरूरी निर्देश

इसके अतिरिक्त डॉ.अमित पुनिया व डॉ. अश्विनी उपचार करेंगे तथा डॉ. बलवान व डॉ. राजेश की टीम नंदीशाला व रिजर्व कार्य संभालेंगी। वहीं डॉ. विजय सनसनवाल को इन सभी टीमों का नोडल ऑफिसर नियुक्त किया है, जो उन्हें हर मदद करेंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे गौवंश को बचाने में हमारा सहयोग करें, तली हुई चीजें गायों को न खिलाएं। पितृदान गौशाला में रखे हुए ड्रमों में डाले, ताकि गौवंश को थोड़ा-थोड़ा बांटकर खिलाया जा सकें। उन्होंने नगर परिषद से गुहार लगाई कि गौवंश को बचाने के लिए अमावस्या वाले दिन कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों में ड्रम रखकर भिवानी में घुमाएं, ताकि जो तला हुआ खाना गायों को खिलाया जाता है, वो उन ड्रमों में एकत्रित किया जा सकें और गौशालाओं में थोड़ा-थोड़ा गायों में बांटा जा सकें। इस मौके पर गौशाला सेवा विस्तारक मोहनलाल बलसेरा, वीएलडीए कुसुम, राजकुमार, निखिल, रीतू आदि मौजदू रहे।

## खबर संक्षेप

### 2 अक्टूबर तक रामलीला मंचन किया जाएगा

**बहल।** श्री रामलीला नाट्य कला केन्द्र समिति द्वारा 20 सितंबर से 2 अक्टूबर तक रामलीला मंचन किया जाएगा। इस दौरान भगवान श्री राम के आदर्श जीवन से प्रेरणा लेने के लिए उनके जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का चित्रण किया जाएगा। कमेटी प्रधान मनोज महमिया ने बताया कि रामलीला का मंचन श्री कृष्ण वाटिका में रात 8 बजे से 11 बजे तक किया जाएगा।

### पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया

**बहल।** बीआरसीएम शिक्षण संस्थान के जीडीसी मेमोरियल महाविद्यालय में ग्रीन हाउस गैसों से उत्सर्जन भूमि में कार्बन को कम करने के लिए पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों द्वारा बढ़.चढक़र पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में संस्थान निदेशक डॉ. एसके सिन्हा मुख्यातिथि रहे।

### भाकियु चंढूनी का धरना कल : आर्य

**भिवानी।** बाजरे और धान की सरकारी खरीद शुरू करवाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) चंढूनी ने 18 सितंबर को एक बड़ा सांकेतिक धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। यह धरना प्रदर्शन भिवानी के उपायुक्त कार्यालय के सामने सुबह 10 बजे से सांय 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा, जिसका नेतृत्व भाकियू के जिला अध्यक्ष राकेश आर्य करेंगे।

### सांसद ने जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए मांगे सुझाव

# अधिकारी आबादी से बरसाती पानी निकालने को दें प्राथमिकता:धर्मबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम/बवानीखेड़ा

भिवानी महेन्द्रगढ़ लोक सभा क्षेत्र के सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने कहा है की अधिकारी बरसाती पानी की समस्या के स्थाई समाधान के लिए काम करें ताकि भविष्य में लोगों को ऐसी समस्या का सामना न करना पड़े। सासंद ने कहा कि फिलहाल बरसाती पानी को निकालने के लिए सभी विकल्पों पर काम करें और अतिशीघ्र लोगों की समस्या का समाधान करें। सांसद ने प्रभावित गांवों में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए वहीं स्वास्थ्य विभाग को लगातार फॉगिंग एवं स्वास्थ्य चैकअप किए जाने के निर्देश दिए। सांसद ने जल भराव से जुड़े गांवों के लिए स्पेशल नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाने के भी निर्देश दिए। सांसद बुधवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में जल भराव से प्रभावित गांवों के लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। सांसद ने उपस्थित अधिकारियों को इस सम्बंध में सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

### लिंक सड़कों को ऊंचा उठाना होगा

सांसद ने कहा कि आने वाले समय में लिंक सडक़ों को ऊंचा उठाकर एक तरह से बांध का रूप भी देना होगा ताकि पूरा क्षेत्र जलभराव से प्रभावित ना हो।

तोशाम में लोगों से सुझाव लेते सांसद धर्मबीर सिंह



### अधिकारी सरपंच व मौजिज लोगों के सुझावों पर अमल करें

सांसद धर्मबीर सिंह ने बुधवार को बरसाती पानी से प्रभावित गांवों के लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सांसद ने एक-एक प्रत्येक गांव की ओर से सुझाव सांझे किए। सांसद ने गांव के सरपंच व मौजिज व्यक्तियों से जल भराव की समस्या के स्थाई समाधान के सुझाव मांगते हुए उपस्थित अधिकारियों को उन सुझावों को अतिशीघ्र अमलीजामा पहनाने के निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि पानी निकासी को लेकर पडौसी गांव एक-दूसरे का सहयोग करें ताकि स्थाई समाधान निकाला जा सके। सांसद ने पंचायतों द्वारा दिए गए सुझावों के प्रस्ताव मांगे।

### ड्रेनों की क्षमता बढ़ाई जाए

सांसद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न गांवों से होकर गुजरने वाली ड्रेनों की क्षमता को बढाया जाए। उन्होंने सिंचाई विभाग को निर्देश दिए कि पूर्व में उनके विभाग द्वारा शुरु की गई खेतों से पाइप लाईन से पानी निकासी की योजनाओं को पूरा किया जाए।

### मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के दिए निर्देश

सांसद ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पानी की निकासी होने के साथ-साथ मच्छर जनित बीमारियों का प्रकोप बढने लगता है। ऐसे में गांवों में पर्याप्त मात्रा में दवाईयों का प्रबंध करें।

मोदी के 75वें जन्मदिन पर भिवानी में हुआ सेवा पखवाड़ा का आगाज

## समाज के प्रति जिम्मेदारी का परिचायक रक्तदान शिविर जैसी सराहनीय पहल

**भिवानी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में देशभर में चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा की भिवानी में शानदार शुरुआत हुई। बुधवार को 16 दिवसीय सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ स्थानीय चौ. बंसीलाल नागरिक अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में आयोजित विशेष रक्तदान शिविर के माध्यम से किया गया। यह सेवा पखवाड़ा 2 अक्तूबर तक चलेगा, जिसमें विभिन्न सामाजिक, स्वास्थ्य व जन कल्याण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद चौ. धर्मबीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने की। इस मौके पर भिवानी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रघुबीर शांडिल्य भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में नागरिक, समाजसेवी, डॉक्टर, युवा कार्यकर्ता और भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। शिविर में कुल 75 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो जरूरतमंदों की जान बचाने में सहायक साबित होगा।



**भिवानी।** सामान्य अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए।

**सेवा पखवाड़े में बढ़-चढक़र हिस्सा लें:** भिवानी-महेंद्रगढ़ से सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने सामाजिक कल्याण के अनेक आयाम छुए हैं। प्रधानमंत्री जी के 75वें जन्मदिन पर यह सेवा पखवाड़ा केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी का परिचायक है। रक्तदान जैसे कार्य से ना केवल जरूरतमंद की जान बचती है, बल्कि यह समाज में आपसी भाईचारा, मानवता व सेवा भाव को भी प्रबल बनाता है। उन्होंने सभी से इस सेवा पखवाड़े में बढ़-चढक़र हिस्सा लेने की अपील की।

### डीसी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# प्रत्येक मतदाता की विशेष गहन जांच जरूरी :निर्वाचन अधिकारी

» मतदाता जांच को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं सहायक पंजीयन अधिकारियों के साथ की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में मतदाता जांच को लेकर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि व निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं सहायक पंजीयन अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि से मतदाता जांच को लेकर सुझाव मांगे और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता की विशेष गहन जांच जरूरी है।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गुप्ता ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शीघ्र ही विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान प्रत्येक मतदाता की विशेष गहन जांच की जाएगी। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ इस पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 18-20 आयु वर्ग के मतदाताओं के नाम व रिश्ते की जांच आवेदक के परिवार के पहले से ही दर्ज (भाग नं. व मकान नं.) सदस्य से की जाये। विशेषतः उसके दावे के फार्म में दी गई आयु सत्यापित करनी चाहिए तथा प्रमाण में स्कूल पंजीकरण प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र इत्यादि दस्तावेज का उल्लेख करना चाहिए जिनके हवाले से आप संतुष्ट हो कि आवेदक एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष का हो गया है।



**भिवानी।** मतदाता सूची को लेकर आयोजित बैठक में दिशा निर्देश देते हुए।

#### प्रतिनिधियों से अपील

जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दल प्रतिनिधियों से अपील की है कि वे अपने-अपने बुथों पर युवा वर्ग व महिला मतदाताओं, कमजोर वर्ग के मतदाताओं पर अधिक से अधिक ध्यान देकर नाम दर्ज करवाएं, यदि कोई व्यक्ति अपना निवास स्थान बदल लेता है तो सम्बन्धित फार्म भरकर नये पत्ते पर अवश्य अपना वोट स्थानान्तरण करवाये अन्यथा पुराने स्थान पर वोट सर्वे के दौरान कट जाता है फिर चुनाव के समय में यह शिकायत आती है कि पहचान पत्र उसके पास है, परन्तु वोट दर्ज नहीं है। सभी बूथों पर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करें। उन्होंने राजनीतिक दलों से आग्रह है कि वे नियमानुसार अपने सुझाव के साथ नए बूथ बनाने व वर्तमान के बूथों में कोई बदलाव का सुझाव है तो लिखित में आवेदन कर सकते हैं।



**भिवानी।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स कार्यशाला में पंजीकरण करते गाइड्स।

### हजारों बच्चों का रजिस्ट्रेशन करवाया

## भारत स्काउटस एवं गाइड्स ने लगाई रजिस्ट्रेशन कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा शिक्षा विभाग निदेशक के आदेशानुसार ओवाईएमएस पर सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए ओवाईएमएस पॉर्टल पर ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन के लिए मॉडल संस्कृति विद्यालय भिवानी में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला 16 सितंबर से आरंभ हुई थी जोकि 18 सितंबर तक चलेगी। कार्यशाला संयोजन प्रवक्ता राकेश कुमार तथा जिले के डीओसी स्काउट पवन कुमार व डीओसी गाईडस रितु परमार के सानिध्य में चल रही है। कार्यशाला में स्काउटस मास्टर व गाईडस ने जिले के हजारों बच्चों का रजिस्ट्रेशन करवाया है, जो आगे स्काउटस और गाइडस बनकर देश सेवा, पर्यावरण प्रेमी, अनुशासन प्रिय व संस्कारवान बन कर देश सेवा करेंगे।

#### सबसे बड़ा आयोजन

कार्यशाला के खंड संयोजक राकेश रोहिल्ला ने बताया कि नवंबर में देश का भारत स्काउटस गाइड्स द्वारा सबसे बड़ा आयोजन जंबूरी का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला को सफल बनाने में विभिन्न विद्यालयों के कम्प्यूटर प्रवक्ता कुलदीप, मनीष कुमार, राजेश, मनजीत सिंह, विरेन्द्र सिंह, रसना, लक्ष्मी, डॉ. मीनाक्षी शर्मा व स्काउटस मास्टर लक्ष्मण गौड़ का विशेष योगदान है। डीओसी पवन कुमार व डीओसी गाइडस रितु परमार ने कहा कि कार्यशाला जिले के सभी स्कूलों के लिए आयोजित की गई।

### दुग्ध प्रतियोगिता आयोजित

## लीला की साहीवाल नस्ल की गाय ने दिया सबसे अधिक दूध

**भिवानी।** गांव बीरण में हाल ही में हुई भारी बारिश व बाढ़ से क्षेत्र प्रभावित हैं, इसके बावजूद पशुपालकों ने अपनी प्रतिबद्धता व उत्साह से देशी गायों के नस्ल संवर्धन व दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित मिल्क रिकॉर्ड प्रतियोगिता में बढ़-चढक़र भाग लिया। यह तीन दिवसीय प्रतियोगिता 15 से 17 सितंबर तक बीरण स्थित पशु औषधालय में संपन्न हुई। प्रतियोगिता का सफल आयोजन वीएलडीए अमन गोयत, वीएलडीए मनु शर्मा तथा डॉ. नरेश कनोजिया की देखरेख में हुआ।

#### 25 हजार का इनाम

वीएलडीए अमन, वीएलडीए मनु तथा डॉ. नरेश ने बताया कि प्रतियोगिता में लीला पुत्र लोकराम की साहीवाल नस्ल की गाय ने सबसे अधिक 18 किलो 670 ग्राम दूध देने का रिकॉर्ड बनाया, जबकि कृष्ण पुत्र बनवारीलाल की साहीवाल नस्ल की गाय ने 17 किलो 200 ग्राम दूध देकर उच्च प्रदर्शन किया। 15 किलो से अधिक दूध देने वाली गायों के पालकों को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया। दोनों गायों के पालकों को प्रति इकाई 25 हजार का प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया।

### पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय पालुवास में स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ

## विद्यार्थियों व शिक्षकों ने वातावरण को स्वच्छ रखने की ली शपथ

› प्राचार्य मोहिंदर सिंह ने विद्यार्थियों को स्वच्छता अपनाने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय पालुवास में 16 सितंबर से 30 सितंबर तक स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ हुआ। स्वच्छता पखवाड़े के शुभारंभ पर विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने की शपथ ली, जिससे कि हम सब स्वस्थ रह सकें।



**भिवानी।** वातावरण को स्वच्छ रखने की शपथ लेते विद्यार्थी।

#### विभिन्न गतिविधियां एवं प्रतियोगिताएं आयोजित

इस पखवाड़े के अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियां एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों की सहभागिता अनिवार्य रुप से सुनिश्चित की गई है। कार्यक्रमों में स्वच्छता से संबंधित निबंध लेखन, कविता पाठ, वाद-विवाद, चित्रकला व नाटक आदि सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं सम्मिलित हैं। प्राचार्य मोहिंदर सिंह ने विद्यार्थियों को स्वच्छता अपनाने का आह्वान किया और स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों व शिक्षकों को अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

### इकोएंब्रेस फाउंडेशन ने लगाया शिविर

**भिवानी।** विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर इकोएंब्रेस फाउंडेशन द्वारा तोशाम के एसएमएस अस्तपाल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ फाउंडेशन अध्यक्ष राजेश कुमार चंदाबास ने किया। एसएमएस अस्पताल के निदेशक डॉ. सीताराम सिंघल ने कहा कि आज के युवा नशे की लत को छोडक़र हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त भारत बनाने का लक्ष्य निर्धारित करें। यदि हम भारत से नशा समाप्त कर दें, तो यह दुनिया के लिए प्रेरणादायक उदाहरण होगा और हम अपने जीवन को सुनहरे अक्षरों में लिखवा सकेंगे। इस दौरान डॉ. प्रियंका चौधरी ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है प्रत्येक व्यक्ति को अपना रक्त अवश्य दान करना चाहिए।

## विश्व विजेता बॉक्सर जैस्मिन का भव्य स्वागत, शहर में निकाला विजय जुलूस

■ अब कॉमनवेल्थ व एशियन तथा फिर ओलंपिक के लिए लगाएंगे जी जान

**भिवानी।** मिनी क्यूबा भिवानी की बॉक्सर बेटी जैस्मिन लंबोरिया सात समंदर पार जाकर विश्व विजेता बनी है। जैस्मिन के विश्व विजेता बनने पर उनका भिवानी पहुंचने पर भव्य स्वागत हुआ। लोगों ने उनको नोटों व फूलों की मालाओं से लाद दिया। जैस्मिन का पूरे शहर में विजय जुलूस निकाला गला। हर कोई अपनी इस विजेता बेटी पर गर्व कर रहा था। सिर आंखों पर बैठा रहा था। उल्लेखनीय है कि 4 से 14 सितंबर तक इंग्लैंड के लिवरपूल में आयोजित वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप है। जिसमें देश को चार मेडल मिले। ये चारों मैडल बेटियों ने जीते और ये चारों विजेता बेटियां हरियाणा की हैं। इससे भी बड़ी बात ये कि चार में से तीन बेटियां भिवानी की है। जिसमें पहला और बड़ा नाम गोल्ड मेडल विजेता जैस्मिन लंबोरिया का है।



**भिवानी।** भिवानी पहुंचने पर बॉक्सर बेटी जैस्मिन लंबोरिया का विजयी जुलूस निकालते हुए।

#### हर लड़की सपने देखे

विजेता जैस्मिन ने बताया कि उसे इस मुकाम तक पहुँचने में 8-9 साल लगे। जैस्मिन ने कहा कि पीछे वर्ल्ड कप में गोल्ड मिलने पर कॉनफ्रिडेंस बुस्ट हुआ था। तो अब गोल्ड मेडल जीता। जैस्मिन ने कहा कि अब वो अगले साल होने वाले एशियन व कॉमनवेल्थ गेम्स की तथा 2028 ओलंपिक की तैयारी के लिए मेहनत करेंगी। जैस्मिन का कहना है कि हर लड़की सपने देखे, मेहनत करें और परिवार सहयोग करे तो और अच्छे रिज़ल्ट आएँगे।

### अधिकारियों ने थपथपाई पीठ किया सम्मानित

## सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम में विद्यार्थी कलाकारों ने मचाई धूम

वीर शहीद कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम के आयोजन सम्मानित करते हुए अधिकारी।



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के वीर शहीद कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि के रूप में विधायक कपूर वाल्मीकि के बड़े भाई मास्टर राजेश वाल्मीकि, नपा प्रधान सुंदर अत्री, जिला शिक्षा अधिकारी डा. निर्मल दहिया, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज, उप-जिला शिक्षा अधिकारी शिव कुमार तवंर, विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी आनंद शर्मा, प्राचार्या संतोष भाकर, प्राचार्या पुष्पा जोशी, प्राचार्य सुरेश यादव, प्राचार्य जयबीर सिवाच, प्राचार्य भुवनेश, प्राचार्य प्रवक्ता दीपाली प्रकाश, जिला कोऑर्डिनेटर एफएलएन सुनील कुमार, समाजसेवी एवं प्रवक्ता कमलजीत ने शिरकत की।

#### इनकी अहम भूमिका

*मंच संचालन प्रवक्ता नवीन कुमार ने किया तो वहीं कार्यक्रम में प्रवक्ता सुभाष शर्मा एवं शिक्षक विजय जांगड़ा सहित अन्य स्टाफ ने अहम भूमिका अदा की। ये प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित हुई जिसमें कक्षा 5वीं से 8वीं तक व कक्षा 9वीं से 12वीं तक जिसमें विद्यार्थियों ने कुल चार विधाओं में अपनी कला व प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया जिसमें रागनी, लोक नृत्य (एकल), लोक नृत्य (समूह), नाटिका शामिल रहे। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.. निर्मल दहिया, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज, उप-जिला शिक्षा अधिकारी शिव कुमार तवंर ने बताया कि विभाग द्वारा समय समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता है।*

हरिभूमि

आवश्यक सूचना

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 × 8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए हरियाणा टीम का प्रशिक्षण शिविर

**भिवानी।** हरियाणा की मिनी नेशनल हैंडबॉल टीमों के लिए 17वीं मिनी नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप की तैयारियों को लेकर प्रशिक्षण शिविर शुरू हो चुका है। शिविर जींद जिले के दनोदा गांव के सरस्वती स्कूल में लगाया गया है, जिसका उद्देश्य खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए तैयार करना है। कोच विवेक खरकिया ने बताया कि चैंपियनशिप 26 से 29 सितंबर तक तेलंगाना राज्य के हैदराबाद में आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि आयोजन हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा किया जा रहा है। कोच विवेक ने बताया कि इस शिविर में 20-20 खिलाडिय़ों को चुना है, जिन्हें खेल की बारीकियों के बारे में सिखाया जाएगा।

**आह्वान** विधायक सर्राफ और डीसी गुप्ता ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

## स्वच्छता को जीवन में धारण करना जरूरी, शुरुआत पहले खुद से करें

शहर को गंदगी से मुक्त बनाने तथा सेवा पखवाड़े में बढ़चढ़ कर भागीदारी करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में देशभर में चलाए जाने वाले सेवा ही पखवाड़े का जिला में शुभारंभ बुधवार को विधायक घनश्याम सर्राफ और डीसी साहिल गुप्ता ने पंचायत भवन से किया। विधायक, डीसी और डीएमसी गुलजार मलिक ने इस दौरान झाड़ू लगाकर आमजन से स्वच्छता में अपना योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आमजन के सहयोग ही शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाया जा सकता है। शहर को गंदगी से मुक्त बनाने में सभी का योगदान जरूरी है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में बुधवार से सेवा पखवाड़ा शुरू किया गया है, जो दो अक्टूबर तक चलेगा।



**भिवानी।** स्वच्छता अभियान की शुरुआत करवाते विधायक सर्राफ व उपायुक्त गुप्ता।

#### व्यापक कार्यक्रम

जिला मुख्यालय पर सेवा पखवाड़े का शुभारंभ करते हुए विधायक सर्राफ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर पूरे देशभर में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में जन-भागीदारी होगी। उन्होंने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा शहरी क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाए जाएंगे, इनमें नागरिकों को शामिल किया जाएगा। शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

#### ग्रीन बेल्ट में पौधरोपण

सेवा पखवाड़े का शुभारंभ करने के दौरान विधायक सर्राफ और डीसी गुप्ता ने पंचायत भवन के सामने सडक़ के साथ लगती ग्रीन बेल्ट में पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की शुद्घता के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे। सेवा पखवाड़े के शुभारंभ पर चलाए गए स्वच्छता अभियान में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।